**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।**
**पत्रांक 4432/ओबरा/15 भू0ह0** **दिनांक–14/06/ 2018.**

**सेवा में,**

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र,
मीरजापुर।

**विषयः–** रिलायन्स 4 जी परियोजना हेतु ओबरा वन प्रभाग की कुल 0.2901हे0 आरक्षित वन भूमि में बिना वृक्ष पातन के भूमिगत आप्टिकल फाईबर केबिल (ओ0एफ0सी0) बिछाये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– उ0प्र0 शासन का पत्र संख्या–पी 146/14–2–17–800(161)/2018 दिनांक–23.04.2018

महोदय,

अवगत कराना है कि विषयक प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–1528/11–सी/एफपी/यू0पी0/अदर्स/24318/2017 दिनांक–23.11.2017 द्वारा उ0प्र0 शासन को प्रेषित किया गया। उ0प्र0 शासन का पत्र संख्या–पी 146/14–2–17–800(161)/2018 दिनांक–23.04.2018 द्वारा लीज रेंट का भुगतान करने के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र उपलब्ध करानें का निर्देश दिया गया था। जिसके अनुपालन में इस कार्यालय के पत्रांक–3814/ओबरा/15 भू0ह0 दिनांक–05.05.2018 द्वारा वांछित प्रमाण पत्र 05 प्रतियों में उपलब्ध करानें हेतु याचक विभाग से अनुरोध किया गया। याचक विभाग द्वारा अपने पत्र दिनांक–10.05.2018 के साथ वांछित प्रमाण पत्र 05 प्रतियों में संलग्न कर इस कार्यालय में प्रेषित किया गया है।

अतः उ0प्र0 शासन के सन्दर्भित पत्र द्वारा वांछित प्रमाण पत्र 04 प्रतियों में संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आप अपने स्तर से उच्च स्तर पर प्रेषित करनें की कृपा करें।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय
(मूल चन्द्र)
प्रभागीय वनाधिकारी,
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा,सोनभद्र।

**संख्या 4432 अ/समदिनांकित।**

**प्रतिलिपि–** प्रबन्धक, रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि0,रोहतास के टेरिडेन्ट सेकेण्ड फ्लोर, 10 राणाप्रताप मार्ग, लखनऊ को उनके पत्र दिनांक–10.05.2018 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(मूल चन्द्र)
प्रभागीय वनाधिकारी,
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा,सोनभद्र।

O/c

F:\New Folder\AM-3.Docx

Reliance Jio
Infocomm Limited

# वचनवद्धता प्रमाण पत्र

रिलायन्स 4जी परियोजना हेतु जनपद ओबरा वन प्रभाग में एस.एच–5 ( वाराणसी–शक्तिनगर रोड ) के कि.मी. 87.00 से कि.मी.115.00 तक कुल कि.मी. 28.00 एंव 0.2901 हे0 आरक्षित वन भूमि में बिना वृक्ष पातन के भूमिगत आप्टिकल फाइबर केबिल (ओ0एफ0सी0) बिछाये जाने से सम्बन्धित प्रकरण में इस आशय की वचनवद्धता दी जाती है कि प्रस्तावित आरक्षित वनभूमि का जिलाधिकारी से मूल्य निश्चित कराकर मूल्य के बराबर प्रीमियम (वनभूमि का मूल्य) और प्रीमियम का 10 प्रतिशत वार्षिक लीज रेण्ट वन विभाग के पक्ष में भुगतान किया जायेगा।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्रभागीय वनाधिकारी
ओबरा वन प्रभाग
ओबरा सोनभद्र

भवदीय,
कृते रिलाएन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड
पंकज खरे (प्रबन्धक)
रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड
लखनऊ
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

Formerly, Infotel Broadband Services Limited"
GF, Ist & 2nd Floor, Solitare, C-B, Rafi Ahmed Kidwai Nagar, Opposite Fun Republic Mall, Gomti Nagar, Lucknow-226010, Uttar Pradesh (State Office-UPE)